# NEWSLETTER

शनिवार, 18 फ़रवरी 2023 | वॉल्यूम - 33





**SIS SURVEY**

कृषि मंत्रालय के कपास आवक के अनुमान को मिला बहुमत

**TOP 5 NEWS OF THE WEEK**



**GOLD : 56255**
**SILVER : 56255**
**CRUD OIL : 6313**

*वर्तमान समय कॉटन कारोबार के लिए बेहद चुनौतिभरा है। जो जिनिंग फैक्टी 10 हजार बेल्स बनाती थी, वहां केवल 3 हजार बेल्स ही बन पा रही है। मिल वालों को भी अपनी जरूरत के मुताबिक कॉटन नहीं मिल पा रहा है। नतीजा, पूरी इंडस्ट्री ही 1 तिहाई क्षमता पर काम करने को मजबूर है। यह बात कही पिछले 22 सालों से कॉटन ब्रोकरेज के क्षेत्र में काम कर रहे देवी सिंह शेखावत जी का।*

# एक तिहाई रह गया है कॉटन का कारोबार



**देवी सिंह शेखावत**
*(कॉटन ब्रोकर)*
*(वरधा, महाराष्ट्र)*

## मार्च के बाद तेजी की उम्मीद

उन्होंने बताया कि किसान को नए सीजन की बुआई के लिए राशि की आवश्यकता होती है। लेकिन इस बार ज्यादातर कपास किसानों को वर्षा मुआवजे के रूप में वो राशि मिल चुकी है। वहीं किसानों को पूरी उम्मीद है कि जिस तरह पिछले साल मार्च के बाद कपास के भाव में तेजी आई थी वैसी ही तेजी इस साल भी आएंगी। इस वजह से उन्होंने कपास स्टॉक करके रखा है। अभी भी किसान तुअर और सोया की फसल बेच रहे है जबकि कपास को रोके हुए है।

## महाराष्ट्र और राजस्थान की स्थिति में अंतर

शेखावत जी ने कहा कि वरधा, महाराष्ट्र के साथ ही हम राजस्थान के जावर जिले में भी यही काम कर रहे है। वहां का काम मेरे बड़े बेटे संभालते है। वर्तमान में इन दोनों ही राज्यों में कपस कारोबार की स्थिति में बहुत अंतर है। महाराष्ट्र में जहां ज्यादातर किसानों ने कपास का भंडारण किया हुआ है वहीं राजस्थान के किसान अपना कपास तेजी से बेच रहे है। इसकी एक वजह यह भी है कि महाराष्ट्र की तुलना में राजस्थान में कपास का सीजन जल्दी शुरू हो जाता है।

## खरीदार कम हो जाने की आशंका

किसानों को पूरी उम्मीद है कि मार्च के बाद कॉटन के भाव बढेगें। इसलिए वे मार्च के बाद ही अपना कपास बेचेंगे। उस वक्त उनके सामने खरीदारों की कमी एक चुनौति बनकर खड़ी हो सकती है। क्योंकि तब तक कई जिनिंग फैक्टी बंद हो जाती है। इतना ही नहीं महाराष्ट्र में केवल 25 प्रतिशत जिनिंग फैक्टी में छत है। 75 प्रतिशत जिनिंग फैक्टी खुले आसमान में ही कपास का भंडारण करती है। ऐसे में बारिश के खतरे की वजह से फैक्टी एडवांस में खरीददारी करने से भी बचना चाहेंगी।

## अगले साल से है उम्मीद

*उन्होंने कहा कि यह पूरा साल कपास कारोबार के लिए बेहद कठिन रहा है। बावजूद इसके व्यापारियों को पूरी उम्मीद है कि अगले सीजन में हालात सुधरेंगे और कारोबार दोबारा अपनी गति से शुरू होगा।*

# कॉटन इम्पोर्ट और एक्स्पोर्ट में नंबर 1 वर्धमान टेक्सटाइल

Vardhaman Textile

स्मार्ट इंफो सर्विसेस ने हाल ही में जनवरी महीने के कॉटन इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट पर आधारित एक रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट के अनुसार भारत में जनवरी माह में कॉटन का कुल इम्पोर्ट 47,833,339.31 डॉलर का हुआ है जबकि एक्सपोर्ट 5,88,135,844.53 डॉलर का किया गया। टॉप कंपनीज की लिस्ट पर नजर करें तो इम्पोर्टर और एक्सपोर्टर दोनों ही लिस्ट में वर्धमान टेक्सटाइल नंबर 1 की पोजिशन पर बना रहा।

वर्धमान टेक्सटाइल ने सबसे ज्यादा 43,660,023.15 डॉलर का एक्सपोर्ट किया है जबकि अरविंद लिमिटेड 15,958,161.9 डॉलर के एक्सपोर्ट के साथ दूसरे नंबर पर रहा। टॉप 10 एक्सपोर्टर की लिस्ट में मंजीत कॉटन प्रा लि, बीवीएम ओवरसीज लि, नितीन स्पिनर्स, नाहर स्पिनिंग मिल्स लि, वैभवलक्ष्मी एक्सपोर्टस प्रा लि, स्पोर्टकिंग इंडिया लि, श्री राजशेखर कॉटन प्रा लि और सागर मेन्युफेक्चरर्स प्रा लि ने स्थान बनाया है।




## टेक्सटाइल निवेशकों के लिए उतार-चढ़ाव वाला रहा ये सप्ताह

### 13 से 18 फरवरी 2023 के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर वेल्यू पर एक नजर-

यह सप्ताह टेक्सटाइल निवेशकों के लिए उतार-चढ़ाव वाला कहा जा सकता है। सोमवार से शुक्रवार के बीच की शेयर रिपोर्ट पर नजर करें तो कुछ कंपनीज ने मार्केट में बढ़त बनाई है तो कुछ ने अपनी बढ़त गवाई है। कंपनीज के मार्केट कैप में भी फेर-बदल देखने को मिला है। आइए जानते है बीएसई के मंच पर कैसी रही इन कंपनीज की परफॉर्मेंस -

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 314.75 | 318.25 | 303 | 3.88% |
| अरविंद लिमिटेड | 82.9 | 85.85 | 82.1 | 0.90% |
| वेलसपन इंडिया | 71.1 | 73 | 67.9 | 4.48% |
| नितिन स्पिनर्स | 204.6 | 223.8 | 202.8 | 6.13% |
| रेमण्ड | 1351.85 | 1359.5 | 1266.95 | 3.98% |
| अक्षिता कॉटन | 61.2 | 69.6 | 57.05 | 8.25% |

## जानिए इस सप्ताह की कॉटन मार्केट की हलचल

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 18.02.2023**

| MONTH | 10.02.23 | 17.02.23 | WEEKLY CHANGE |
|---|---|---|---|
| **ICE COTTON** | | | |
| MARCH | 85.27 | 80.25 | -5.02 |
| MAY | 85.58 | 81.5 | -4.08 |
| JULY | 86.07 | 82.35 | -3.72 |
| **MCX (BALES) CANDY** | | | |
| APRIL | 64000 | 63300 | -700 |
| JUN | 64200 | 64100 | -100 |
| **NCDEX (KAPAS)** | | | |
| APRIL | 1620 | 1620 | 0 |
| **NCDEX ( COCUD KHAL)** | | | |
| FEB | 2725 | 2821 | 96 |
| MARCH | 2706 | 2699 | -7 |
| APRIL | 2706 | 2690 | -16 |
| **CURRENCY ($)** | | | |
| INDIAN (Rupee) | 82.49 | 82.83 | 0.34 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 271.498 | 262.858 | -8.64 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.80878 | 6.87157 | 0.06279 |
| BRAZIL (Real) | 5.2156 | 5.16799 | -0.04761 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.4484 | 1.4537 | 0.0053 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.33198 | 4.43199 | 0.10001 |
| COTLOOK "A" INDEX | 100.85 | 97.35 | -3.5 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 100.24 | 101.04 | 0.8 |
| USDA SPOT RATE | 83.09 | 79.46 | -3.63 |
| MCX SPOT RATE | 0 | 62720 | 0 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 22000 | 20500 | -1500 |
| GOLD ($) | 1876.5 | 1851.45 | -25.05 |
| SILVER ($) | 22.01 | 21.720 | -0.29 |
| CRUDE ($) | 79.76 | 76.33 | -3.43 |

इस सप्ताह कॉटन मार्केट में गिरावट देखी गई है। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज पर मार्च, मई और जुलाई माह के सौदों में क्रमशः 5.02 अंक, 4.08 अंक और 3.72 अंक की कमी देखने को मिली है। एमसीएक्स पर भी इस माह के अंत में अप्रैल और जून माह के सौदा भाव में 700 और 100 रूपए की गिरावट दर्ज की गई हैं।

एनसीडीएक्स पर कपास के भाव में इस सप्ताह कोई अंतर नहीं देखा गया। जबकि खल के भाव में फरवरी महीने में 96 रूपए की बढ़त और मार्च और अप्रैल माह में 7 और 16 रूपए की कमी हुई है।


अन्य एक्सचेंज मार्केट में कॉटलुक ए इंडेक्स पर 3.5, यूएसडीए स्पॉट रेट 3.6 और केसीए स्पॉट रेट पर 1500 तक की कमी इस सप्ताह हुई है। जबकि ब्राजील कॉटन इंडेक्स पर दाम बढ़े है और एमसीएक्स स्पॉट रेट पर भाव ज्यों के त्यों ही रहे है।

करंसी में भी इस सप्ताह डॉलर केवल पाकिस्तानी रूपये और ब्राजील रियल पर अपनी बढ़त बनाए रख पाया है। अन्य देशों की करंसी ने इस सप्ताह पॉजिटिव बढ़त बनाई है।


# कृषि मंत्रालय के कपास आवक के अनुमान को मिला बहुमत




सीजन **2022-23** में कपास आवक को लेकर चल रही अटकलों पर एसआईएस ने सर्वे कर लोगों से उनका मत जानने का प्रयास किया। इसी उद्देश्य से इस सप्ताह एसआईएस की टीम ने एक ऑन लाइन सर्वे किया। इस सर्वे में इंडस्टी के **800** लोगों ने हिस्सा लेकर अपना-अपना अनुमान बताया। सबसे ज्यादा लोगों ने कृषि मंत्रालय के **337.23** लाख बेल्स के अनुमान को सही बताया है। कई लोगों ने कृषि मंत्रालय, यूएसडीए, सीएआई और स्मार्ट इंफो के अनुमानित आंकड़ों से अलग अपना एक नया आंकलन भी प्रस्तुत किया। पेश है कपास सीजन **2022-23** के कुल कपास उत्पादन को लेकर लगातार अटकलों पर एसआईएस की सर्वे रिपोर्ट-




- कृषि मंत्रालय (GOV.) - 337.23 Lakh Bales
- यूएसडीए (USDA) - 326.58 Lakh Bales
- सीएआई(CAI) - 321.50 Lakh Bales
- स्मार्ट इंफो(SIS) - 330.00 Lakh Bales
- 300 lakh bales
- 300 lakh
- 300.lakh
- Below 300.00lakh bales



# TOP 5 NEWS OF THE WEEK

### पाकिस्तान के आर्थिक संकट का असर वैश्विक कपास बाजार पर

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपये में भारी गिरावट आई है। दुनिया के चौथे सबसे बड़े कपास उत्पादक और पांचवें सबसे बड़े कपास आयातक के रूप में, यह संकट वैश्विक कपास आयात और निर्यात पर निश्चित प्रभाव लाएगा।

### तेलंगाना में अच्छे कपास उत्पादन का असर- निर्यात में 5 गुना की बढ़ोतरी

पिछले 6 साल में तेलंगाना में कपास का उत्पादन 33 फीसदी बढ़ गया है। इस अवधि के दौरान राज्य को अधिक कपास निर्यात करने में मदद की, जिसका मूल्य ₹3,000 करोड़ था, जो 2014-15 में प्राप्त ₹600-करोड़ मूल्य के निर्यात का लगभग पांच गुना है।

### उड़िसा में बाजार शुल्क को लेकर कपास मिलो और आरएमसी में छिड़ी जंग

उड़िसा में बाजार शुल्क को लेकर कपास मिलों और आरएमसी के बीच लड़ाई शुरू हो गई है। मिलर्स मांग करते हैं कि बाजार शुल्क माफ कर दिया जाए और आरएमसी को यह मांग स्वीकार नहीं है। मालिकों की मांग है कि जब बालांगीर ओर कालाहांडी के प्रशासन ने बाजार शुल्क माफ कर दिया है तो रायगडा में भी ऐसा ही करना चाहिए।

### किसानों ने रोक रखा है कपास, इसके चलते कुल कपास उत्पादन पर लगाई जा रही अटकलें

हाल ही में कपास उत्पादन को लेकर कृषि मंत्रालय ने अपना अनुमान जारी किया है। जिसके अनुसार इस साल 337.23 लाख बेल्स होने की बात कही गई है। जबकि कुछ ही दिन पहले आई यूएसडीए की रिपोर्ट में भारतीय कपास की उपज 326.58 लाख गांठ बताई गई थी। इन्हीं सबके बीच 14 फरवरी को सीएआई ने अपनी प्रेस रिलीज में अनुमानित कपास उत्पादन 321.50 लाख बेल्स कर दिया।

### MMF फाइबर और यार्न के गैर जरूरी आयात पर लगेगा अंकुश

टेक्सटाइल मिनिस्टर पीयुष गोयल ने मंगलवार 14 फरवरी को नवगठित मेनमैड फाइबर समिति की पहली बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने टेक्सटाइल सचिव श्रीमती रचना शाह और अन्य सदस्यों के साथ मेन मैड फाइबर और यार्न के गैर जरूरी आयात पर अंकुश लगाने के बारे में विचार-विमर्श किया।

---

## फिजिकल मार्केटः कही बढ़े तो कही घटे कॉटन के दाम

कॉटन फिजिकल मार्केट में इस सप्ताह नार्थ झोन और सेंटल झोन में दामों में बढ़ोतरी हुई है जबकि साउथ झोन में कॉटन के दाम गिरे है। नार्थ झोन में 25 से 55 रूपए प्रति मंड की बढ़ोतरी देखने को मिली है। पूरे झोन में सबसे ज्यादा भाव अपर राजस्थान में 6625 रूपए प्रति मंड रहे है।

सेंटल झोन में महाराष्ट्र में कॉटन के दाम वहीं रहे जो सप्ताह की शुरूआत में थे। जबकि मध्यप्रदेश में कॉटन के दाम 200 रूपए प्रति कैंडी और गुजरात में 400 रूपए प्रति कैंडी तक भाव बढ़े है।

आवक बढ़ने की वजह से साउथ झोन में इस सप्ताह कॉटन के दाम में कमी दर्ज की गई है। उड़िसा और तेलंगाना में भाव ज्यों के त्यों देखने को मिले, जबकि कर्नाटका और आंध्रप्रदेश में क्रमशः 500 और 400 रूपए प्रति कैंडी तक भाव घटे है।

**SMART INFO SERVICES**
india.smartinfo@gmail.com
Call : 91119 77771 - 5

DATE: 18.02.2023

**WEEKLY COTTON BALES MARKET**

| STATE | STAPLE LENGTH | 13.02.23 | | 18.02.23 | | AVERAGE PRICE |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | LOW | HIGH | LOW | HIGH | |
| **NORTH ZONE** | | | | | | |
| PUNJAB | 28.5 | 6,325 | 6,425 | 6,425 | 6,475 | 50 |
| HARYANA | 27.5/28 | 6,300 | 6,425 | 6,350 | 6,450 | 25 |
| UPER RAJASTHAN | 28 | 6,470 | 6,570 | 6,550 | 6,625 | 55 |
| **CENTRAL ZONE** | | | | | | |
| GUJARAT | 29 | 62,300 | 62,600 | 62,500 | 63,000 | 400 |
| MADHYA PRADESH | 29 | 61,800 | 62,000 | 62,000 | 62,200 | 200 |
| MAHARASHTRA | 29 vid. | 61,500 | 62,000 | 61,000 | 62,000 | 0 |
| SMART INFO SERVICES CALL : 91119 77775 | | | | | | |
| **SOUTH ZONE** | | | | | | |
| ODISHA | 29.5+ | 62,400 | 62,500 | 62,400 | 62,500 | 0 |
| KARNATAKA | 29+ | 62,000 | 62,500 | 61,500 | 62,000 | -500 |
| ANDHRA PRADESH | 29/29.5 mm | 62,500 | 63,000 | 62,000 | 62,600 | -400 |
| TELANGANA | 30 mm 76/77 RD | 61,500 | 62,500 | 62,000 | 62,500 | 0 |

NOTE : There may be some changes in the rate depending on the quality.
Punjab, Haryana and Rajasthan rates in maund the rest in Candy

# NEWSLETTER

Saturday, 18 February 2023 | Volume - 33




**SIS SURVEY**

**AGRICULTURE MINISTRY'S ESTIMATE OF COTTON ARRIVALS GOT MAJORITY**

**TOP 5 NEWS OF THE WEEK**



**GOLD : 56255**
**SILVER : 56255**
**CRUD OIL : 6313**

*Devi Singh Shekhawat, a veteran in the cotton brokerage industry with 22 years of experience, has stated that the cotton business is currently facing significant challenges. For instance, the ginning factory that was previously capable of producing 10,000 bells can now only manage 3,000 bells. Additionally, even the millers are unable to obtain the required amount of cotton, causing the entire industry to operate at only one-third of its capacity.*

## Cotton business has remained one third

*Devi Singh Shekhawat*
*(Cotton Broker)*
*(Wardha, Maharashtra)*



### Market expected to pick up after March

He told that the farmer needs the amount for the sowing of the new season. But this time most of the cotton farmers have received that amount as rain compensation. On the other hand, the farmers have full hope that the way cotton prices had increased after March last year, the same rate will come this year as well. Because of this, he has stocked cotton. Still farmers are selling tur and soya crops while holding cotton.

### Difference between the situation of Maharashtra and Rajasthan

Shekhawat has stated that his team is not only active in Wardha, Maharashtra, but also operates in the Jawar district of Rajasthan, where his elder son manages the operations. Currently, the cotton industry in these two states is experiencing contrasting conditions. While several farmers in Maharashtra have opted to store their cotton, those in Rajasthan are selling their produce rapidly. One potential reason for this difference is that the cotton season in Rajasthan starts earlier than in Maharashtra.

### The possibility of Reducing the Buyer

Farmers have full hope that cotton prices will increase after March. So they will sell their cotton only after March. At that time, lack of buyers can pose a challenge in front of them. Because by then many ginning factories are closed. Not only this, only 25 percent of the ginning factories in Maharashtra have roofs. 75 percent ginning factories store cotton in the open. In such a situation, due to the threat of rain, the factories would also like to avoid buying in advance.

### HOPE FOR NEXT YEAR

*According to him, the cotton business has faced significant challenges throughout the year. Nevertheless, traders remain optimistic that the situation will improve in the upcoming season, and the industry will resume its normal operations.*

## Vardhaman Textile No.1 in Cotton Import & Export

Vardhaman Textile

A report on cotton import and export for the month of January was recently compiled by Smart Info Services. As per the report, India's total cotton import for the month amounted to $47,833,339.31, while the export stood at $5,88,135,844.53. Vardhaman Textile, one of the leading companies in the industry, held the top position in the list of both importers and exporters.

Among the top exporters of cotton, Vardhaman Textiles exported the highest amount of $43,660,023.15, followed by Arvind Ltd. with exports worth $15,958,161.9. The remaining companies that made it to the list of top 10 exporters include Manjit Cotton Pvt Ltd, BVM Overseas Ltd, Nitin Spinners, Nahar Spinning Mills Ltd, Vaibhavalakshmi Exports Pvt Ltd, Sportking India Pvt Ltd, Shree Rajasekhar Cotton Pvt Ltd, and Sagar Manufacturers Pvt Ltd.




## It has been a volatile week for textile investors

### A look at the share value of major textile companies from 13 to 18 February 2023-

This week can be called volatile for textile investors. If you look at the share report between Monday to Friday, some companies have made gains in the market while some have lost their gains. There has also been a change in the market cap of the companies. Let's know how was the performance of these companies on the stage of BSE

| COMPANY | CURRENT PRICE | HIGH PRICE | LOWEST PRICE | CHANGE IN % |
|---|---|---|---|---|
| Vardhaman Textile Limited | 314.75 | 318.25 | 303 | 3.88% |
| Arvid Limited | 82.9 | 85.85 | 82.1 | 0.90% |
| Welspun India | 71.1 | 73 | 67.9 | 4.48% |
| Nitin Spinners | 204.6 | 223.8 | 202.8 | 6.13% |
| raymond | 1351.85 | 1359.5 | 1266.95 | 3.98% |
| Akshita Cotton | 61.2 | 69.6 | 57.05 | 8.25% |

## Know the movement of this week's cotton market

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 18.02.2023**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 10.02.23 | 17.02.23 | WEEKLY CHANGE |
| MARCH | 85.27 | 80.25 | -5.02 |
| MAY | 85.58 | 81.5 | -4.08 |
| JULY | 86.07 | 82.35 | -3.72 |
| | | | |
| MCX (BALES) CANDY | | | |
| APRIL | 64000 | 63300 | -700 |
| JUN | 64200 | 64100 | -100 |
| | | | |
| NCDEX (KAPAS) | | | |
| APRIL | 1620 | 1620 | 0 |
| | | | |
| NCDEX ( COCUD KHAL) | | | |
| FEB | 2725 | 2821 | 96 |
| MARCH | 2706 | 2699 | -7 |
| APRIL | 2706 | 2690 | -16 |
| | | | |
| CURRENCY ($) | | | |
| INDIAN (Rupee) | 82.49 | 82.83 | 0.34 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 271.498 | 262.858 | -8.64 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.80878 | 6.87157 | 0.06279 |
| BRAZIL (Real) | 5.2156 | 5.16799 | -0.04761 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.4484 | 1.4537 | 0.0053 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.33198 | 4.43199 | 0.10001 |
| | | | |
| COTLOOK "A" INDEX | 100.85 | 97.35 | -3.5 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 100.24 | 101.04 | 0.8 |
| USDA SPOT RATE | 83.09 | 79.46 | -3.63 |
| MCX SPOT RATE | 0 | 62720 | 0 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 22000 | 20500 | -1500 |
| | | | |
| GOLD ($) | 1876.5 | 1851.45 | -25.05 |
| SILVER ($) | 22.01 | 21.720 | -0.29 |
| CRUDE ($) | 79.76 | 76.33 | -3.43 |

The cotton market has seen a decline this week. On the International Cotton Exchange, the deals for the months of March, May and July saw a decrease of 5.02 points, 4.08 points and 3.72 points respectively. On MCX also, at the end of this month, a fall of Rs 700 and Rs 100 has been registered in the deal price of April and June.

Cotton prices on NCDX did not see any difference this week. While the price of Khal has increased by Rs. 96 in the month of February and decreased by Rs. 7 and 16 in the months of March and April.


In other exchange market, the Cotlook A index has decreased by 3.5, USDA spot rate by 3.6 and KCA spot rate by 1500 this week. While the prices have increased on the Brazilian Cotton Index and the MCX spot rate has remained the same.

In currency also, this week the dollar has been able to maintain its edge over only the Pakistani rupee and the Brazilian real. Currencies of other countries have made positive gains this week.


# Agriculture Ministry's Estimate of Cotton Arrivals Got Majority




SIS recently conducted an online survey to gather opinions on the ongoing speculation regarding cotton arrivals in the 2022-23 season. The survey involved 800 industry professionals, who provided their estimates on the matter. The majority of participants agreed with the Ministry of Agriculture's estimate of 337.23 lakh bales, while some offered alternative assessments that differed from the figures provided by the Ministry of Agriculture, USDA, CAI, and Smart Info. Below is the survey report from SIS detailing the results of the survey on the persistent speculation surrounding the total cotton production in the 2022-23 season.




- कृषि मंत्रालय (GOV.) - 337.23 Lakh Bales
- यूएसडीए (USDA) - 326.58 Lakh Bales
- सीएआई(CAI) - 321.50 Lakh Bales
- स्मार्ट इंफो(SIS) - 330.00 Lakh Bales
- 300 lakh bales
- 300 lakh
- 300.lakh
- Below 300.00lakh bales

# TOP 5 NEWS OF THE WEEK

## The impact of Pakistan's economic crisis on the global cotton market

With a significant decline in value against the US dollar, the Pakistani rupee's depreciation is expected to have a definite impact on the global trade of cotton, given that Pakistan ranks as the world's fourth largest cotton producer and fifth largest cotton importer.

## Effect of good cotton production in Telangana – 5 times increase in exports

Over the past six years, cotton production in Telangana has surged by 33%, resulting in a substantial increase in the state's cotton exports. In fact, during this period, the value of cotton exports has reached ₹3,000 crore, which is nearly five times the ₹600 crore worth of exports achieved in 2014-15.

## Cotton mills and RMC in Odisha fight over market fee

A conflict has arisen in Odisha between cotton mill owners and the RMC regarding market fees. The millers are pushing to have the market fee waived, which is being opposed by the RMC. The owners argue that since the market fee has been waived by the administrations of Balangir and Kalahandi, the same should be done in Rayagada.

## Farmers have withheld cotton, due to which speculations are being made on total cotton production

Recently, the Ministry of Agriculture has released its estimate regarding cotton production. According to which it has been said that there will be 337.23 lakh bales this year. Whereas in the USDA report that came a few days back, the yield of Indian cotton was reported as 326.58 lakh bales. Amidst all this, on February 14, CAI in its press release estimated cotton production at 321.50 lakh bales.

## Unnecessary import of MMF fiber and yarn will be curbed

Textiles Minister Piyush Goyal took the first meeting of the newly constituted Men made Fiber Committee on Tuesday, 14 February. In this meeting, he discussed with Textiles Secretary Mrs. Rachna Shah and other members about curbing unnecessary import of man made fiber and yarn.

## *Physical Market: Somewhere the price of cotton increases and somewhere it decreases*

In the cotton physical market, prices have increased in the North Zone and Central Zone this week, while cotton prices have declined in the South Zone. An increase of Rs 25 to 55 per mand has been seen in North Zone. The highest price in the entire zone is Rs 6625 per mand in Upper Rajasthan.

Cotton prices in Maharashtra in the central zone remained the same as they were at the beginning of the week. While the price of cotton has increased up to Rs.200 per candy in Madhya Pradesh and Rs.400 per candy in Gujarat.

Due to increase in arrivals, a decrease in the price of cotton has been registered in South Zone this week. In Odisha and Telangana, the prices remained the same, while in Karnataka and Andhra Pradesh, the prices decreased up to Rs.500 and Rs.400 per candy, respectively.

SMART INFO SERVICES
india.smartinfo@gmail.com
Call : 91119 77771 - 5

DATE: 18.02.2023

**WEEKLY COTTON BALES MARKET**

| STATE | STAPLE LENGTH | 13.02.23 | | 18.02.23 | | AVERAGE PRICE |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | LOW | HIGH | LOW | HIGH | |
| **NORTH ZONE** | | | | | | |
| PUNJAB | 28.5 | 6,325 | 6,425 | 6,425 | 6,475 | 50 |
| HARYANA | 27.5/28 | 6,300 | 6,425 | 6,350 | 6,450 | 25 |
| UPER RAJASTHAN | 28 | 6,470 | 6,570 | 6,550 | 6,625 | 55 |
| **CENTRAL ZONE** | | | | | | |
| GUJARAT | 29 | 62,300 | 62,600 | 62,500 | 63,000 | 400 |
| MADHYA PRADESH | 29 | 61,800 | 62,000 | 62,000 | 62,200 | 200 |
| MAHARASHTRA | 29 vid. | 61,500 | 62,000 | 61,000 | 62,000 | 0 |
| SMART INFO SERVICES CALL : 91119 77775 | | | | | | |
| **SOUTH ZONE** | | | | | | |
| ODISHA | 29.5+ | 62,400 | 62,500 | 62,400 | 62,500 | 0 |
| KARNATAKA | 29+ | 62,000 | 62,500 | 61,500 | 62,000 | -500 |
| ANDHRA PRADESH | 29/29.5 mm | 62,500 | 63,000 | 62,000 | 62,600 | -400 |
| TELANGANA | 30 mm 76/77 RD | 61,500 | 62,500 | 62,000 | 62,500 | 0 |

NOTE : There may be some changes in the rate depending on the quality.

Punjab, Haryana and Rajasthan rates in maund the rest in Candy